10 कबूतर और मधुमक्खियाँ

(कहानी)

एक जंगल था। उसमें एक सरोवर था। सरोवर के किनारे एक पेड़ पर रानी मक्खी अपने छत्ते में रहती थी।

एक दिन बहुत तेज हवा चल रही थी। तेज हवा से रानी मक्खी पानी में गिर गई। उसी पेड़ की डाल पर एक कबूतर बैठा था। कबूतर यह सब देख रहा था। उसने तुरंत पेड़ से एक पत्ता तोड़ा और पानी में डाल दिया। पत्ता रानी मक्खी के समीप गिरा। रानी मक्खी झट से पत्ते पर चढ़ गई। कबूतर नीचे आया। उसने पत्ते को अपनी चोंच में दबाया और बाहर रख दिया। रानी मक्खी ने कबूतर को धन्यवाद कहा और उड़ गई।

एक दिन जंगल में एक शिकारी आया। उसने जमीन पर कुछ दाने डाल दिए और पेड़ के पीछे छिप गया। थोड़ी देर बाद कबूतर अपने मित्रों के साथ दाना खाने नीचे आया। वे सभी जाल में फँस गए। उसी समय शिकारी वहाँ आ गया। रानी मक्खी ने



जाल में फँसे कबूतरों और शिकारी को देखा। वह तुरंत दूसरी मधुमक्खियों को लेकर आ गई। मधुमक्खियों के इतने बड़े झुंड को अपनी ओर आते हुए देखकर शिकारी वहाँ से भाग गया।

रानी मक्खी उड़कर झट से अपने मित्र चिंकू चूहे को बुला लाई। चिंकू चूहे ने अपने पैने दाँतों से जाल काट दिया। कबूतर जाल से छूट गए।

सभी कबूतर बोले– "धन्यवाद बहन! आज तुमने हमारे प्राण बचा लिए।"

शब्द-भंडार

सरोवर — तालाब *(ponds)*,
समीप — पास *(near)*,
झट — तुरंत *(right now)*,
झुंड — समूह, टोली *(group)*,
शिकारी — शिकार करने वाला *(hunter)*,
मित्र — दोस्त *(friend)*,
पैने — तेज *(sharp)*,
प्राण — जान, जीवन *(life)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—

सरोवर	मक्खी	छत्ते	धन्यवाद
चोंच	मित्र	प्राण	दाँतों

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—

(क) पेड़ पर कौन रहता था?

(ख) किसने जाल बिछाया?

(ग) कबूतरों का जाल किसने काटा?

(घ) रानी मक्खी का मित्र कौन था?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—

(क) रानी मक्खी कहाँ गिर गई?

☐ दूध में ☐ खीर में ☐ पानी में

(ख) कबूतर ने पानी में क्या डाल दिया?

☐ पत्ता ☐ जाल ☐ कागज

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) रानी मक्खी पानी में कैसे गिर गई?

(ख) कबूतर ने पत्ता क्यों तोड़ा?

(ग) रानी मक्खी पानी से बाहर कैसे आई?

(घ) कबूतर जाल में कैसे फँस गए?

(ङ) रानी मक्खी दूसरी मधुमक्खियों को क्यों बुला लाई?

भाषा-ज्ञान

1. पढ़िए, समझिए और एक शब्द स्वयं लिखिए–

क्	+	ख	=	क्ख	=	मक्खी		....
त्	+	त	=	त्त	=	पत्ता		....
न्	+	य	=	न्य	=	धन्यवाद		....

2. पाठ में से ढूँढ़कर इनके एक-एक नाम और लिखिए–

तालाब	....	वृक्ष	....
वन	....	दोस्त	....

3. 'कर' जोड़कर शब्द बनाइए और बोलिए–

(क) उड़ + कर = ... (ख) खा + कर = ...

(ग) देख + कर = ... (घ) पढ़ + कर = ...

(ङ) सुन + कर = ... (च) हँस + कर = ...

क्रियात्मक गतिविधि

- हम सब एक-दूसरे की मदद से ही आगे बढ़ते हैं। अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
- इस नाटक का कक्षा में अभिनय कीजिए।